# पेमेंट्स भेजना और लेना

**by Indian Scientists Response to Covid**
[https://indscicov.in/](https://indscicov.in/)

IndSciCovid



**बैंक नोट कई तरह के रोगाणुओं (वायरस) के वाहक हो सकते हैं। क्या कोरोनावायरस भी नोटों और सिक्कों से भी फैल सकता है? क्या ये विषाणु एटीएम के बटन और स्क्रीन, कैश रजिस्टर और बारकोड स्कैनर इत्यादि पर भी हो सकता है? जो कार्ड हम एटीएम या अन्य जगह प्रयोग करते हैं, क्या यह उस पर भी हो सकता है? इन सभी सतहों पर विषाणु हो सकते हैं! यहाँ हम कुछ ऐसे सुझाव दे रहे हैं जिन्हे अपनाकर आप किसी आर्थिक लेन- देन के दौरान कोरोनावायरस के संपर्क में आने की संभावना को कम कर सकते हैं।**

**क्या कोरोनावायरस नोट, सिक्कों और कार्डों पर रह सकता है?**
पूरी दुनिया में, बैंक नोट रोगाणुओं के वाहक के तौर पर जाने जाते हैं। इनमें से ई. कोलाई (आँतों में रहने वाला एक बैक्टीरिया, जो दस्त या पेचिश का कारण हो सकते हैं ) सबसे प्रमुख है। इससे भी ज्यादा खतरनाक और एंटीबायोटिक-प्रतिरोधी बैक्टीरिया भी नोट और सिक्कों पर हो सकते हैं। ज्यादातर, ऐसे रोगाणु लोगों के स्वास्थ्य के लिए ज्यादा ख़तरा नहीं पैदा करते हैं। लेकिन, कोविड -19 महामारी के दौरान किसी भी आर्थिक लेन -देन के समय आपको ज्यादा सावधान रहने की जरुरत है।

हाल ही में की गयी एक खोज के अनुसार, कोरोनावायरस नोट और सिक्कों पर तीन दिनों तक सक्रिय रह सकता है। प्लास्टिक के बने हुए होने के कारण क्रेडिट और डेबिट कार्ड्स भी वायरस के वाहक हो सकते हैं। कैशलेस लेन -देन के लिए प्रयोग किये जाने वाले मोबाइल फोन और मशीनों के की पैड पर भी विषाणु हो सकते हैं।






**सामान्य दिशानिर्देश:**

आपको मास्क पहने रहना चाहिए, अपने चेहरे को नहीं छूना चाहिए और घर से बाहर दूसरों से 1 -२ मीटर की दूरी बना के रखनी चाहिए।



अगर आप दुकानदार या डिलीवरी पहुँचाने वाले हैं तो अपने हाथों को साबुन और पानी से (या फिर हैंड सैनिटाइज़र) से दिन में बार बार धोते रहें।

कैश या कार्ड वाली मशीन का इस्तेमाल आप उन उँगलियों से करें जिनका उपयोग आप कम करते हैं। यह आपका अप्रधान हाथ (दायें हाथ की प्रधानता वाले लोगों के लिए बायाँ हाथ ) या फिर उस हाथ की अप्रधान ऊँगली ( तर्जनी या इंडेक्स फिंगर की जगह अनामिका या रिंग फिंगर) हो सकते हैं, जिनसे आप एटीएम या कैश रजिस्टर का इस्तेमाल कर सकते हैं।



गैर जरुरी कामों के लिए बैंक जाने से बचें। ऐसा करना बैंक के ग्राहकों और कर्मचारियों की सुरक्षा के लिए जरूरी है।
फोन पेमेंट्स या फिर ऑनलाइन बैंकिंग जैसे विकल्पों का ज्यादा से ज्यादा प्रयोग करें।

खास तौर से, लेन - देन के लिए कैश, प्लास्टिक कार्ड्स और फ़ोन का प्रयोग करने के बाद दो चीजों का ध्यान अवश्य रखें: अपना चेहरा (नाक, मुंह, आँखें) तब तक न छुएं जब तक हाथों को साबुन और पानी से न धो लें।



**एटीएम से पैसे निकालना या बैंक काउंटर पर कैश जमा करना:**

एटीएम बूथ में तभी प्रवेश करें जब उसमें और कोई न हो। अगर हो सके तो दरवाज़ों को खोलने और बंद करने के लिए कोहनी, कंधे या पैर का इस्तेमाल करें। बूथ के अंदर किसी भी सतह को बिना जरुरत के न छुएं। अगर हो सके तो एटीएम का प्रयोग करने के पहले और बाद में हैंड सैनिटाइज़र का इस्तेमाल करें। एटीएम के इस्तेमाल करने के लिए उन उंगलियों का प्रयोग करें जिनका प्रयोग आप आम तौर पर कम करते हैं। आप अपने साथ एक रुमाल या टिश्यू ले जा सकते हैं और हैंड सैनिटाइज़र (या 70 % आइसोप्रोपिल अल्कोहल) का प्रयोग करते हुए उस रुमाल या टिश्यू से एटीएम के की पैड को, इस्तेमाल के पहले और बाद में, पोंछ सकते हैं (अगर आप ऐसा करते हैं तो ध्यान से आप उस टिश्यू या रुमाल को एक लिफ़ाफ़े या बैग में घर ले जाएँ और उसे सही तरीके से फेंकें)।



अगर आपको बैंक जाना पड़े तो सभी सावधानियाँ बरतिये जैसे मास्क पहनना और दूसरों से 1 -2 मीटर की दूरी बना के रखना। किसी भी लेन -देन के पहले और बाद में हैंड सैनिटाइज़र का इस्तेमाल करें।




Image credits:
Ken Rinaldo, WHO, Unslpash, Sayantan, Indian News Express, Rabin,Shreya Dimri

**कैश लेन-देन**



एक दुकानदार या डिलीवरी कर्मी के काम में, आप को औरों के मुकाबले ज़यादा नोट और सिक्के संभालने पड़ते हैं। आप अपने हाथों को बार-बार साफ़ करने के लिए अपने साथ एक साबुन के घोल की और एक पानी की बोतल रख सकते हैं। साबुन का घोल बनाने के लिए साबुन एक छोटे टुकड़े को एक बोतल में डाल पानी में अच्छी तरह घोल लें। साबुन का घोल लगा कर पूरे हाथों पर अच्छी तरह से झाग बनायें, और फिर तौलिये से पोंछ लें। आप हाथों को साफ़ रखने के लिए हैंड सैनिटाइज़र का भी नियमित प्रयोग कर सकते हैं। पैसों के लिए एक ऐसा छोटा डिब्बा या थैला रखें जिसे आप रोज़ कम से कम एक बार साबुन (या 70 % आइसोप्रोपिल अल्कोहल) से साफ़ कर सकें।



एक ग्राहक के रूप में, जब भी आप पैसों को हाथ लगायें उसके तुरंत बाद उन्हें साबुन या हैंड सैनिटाइज़र से साफ़ करें, खास तौर पर अपने चेहरे को छूने से पहले। घर पर, अपना बटुआ/ पैसे एक अलग जगह पर ही रखें।




(अगर आप नोट और सिक्कों को धोना चाहें, तो आप उन्हें साबुन से धो कर पंखे के नीचे या धूप में सूखा सकते हैं। हलके हाथ से धोना नोट बर्दाश्त कर सकते हैं, पर उन्हें सूखाने के लिए कभी तंदूर / ओवन या खुली लौ का प्रयोग न करें!)

**कैश रजिस्टर / काउंटिंग मशीन / कार्ड मशीन**

अगर आप दुकानदार या कैशियर हैं तो अपने हाथों को साबुन (या हैंड सैनिटाइज़र) से हर थोड़े समय में धोते रहें। दिन में कई बार कैश बॉक्स / कैश रजिस्टर और पैसे गिनने वाली मशीन को साबुन में गीले किये गए कपडे से या 70% आइसोप्रोपिल अल्कोहल से पोंछें। जब काउंटर पर काम करने वाले व्यक्ति के बदलने का समय हो तो, जो व्यक्ति काउंटर छोड़े उसे दूसरे व्यक्ति को काउंटर देने से पहले सारी मशीनों को साफ़ करना चाहिए (मशीनों को क्षति पहुँचने से रोकने के लिए ऐसा करने के पहले उत्पादक के द्वारा दी गयी हिदायतों का पालन करें)।

कार्ड मशीन (या कोई भी दूसरी मशीनें या स्क्रीन्स) का इस्तेमाल उन उंगलियों से करें जिनका प्रयोग आप आम तौर पर कम करते हों।

अगर आप चाहें तो आप कार्ड्स को साबुन वाले गीले कपडे से या हैंड सैनिटाइज़र से पोंछ सकते हैं। ऐसा करते समय, कार्ड को ज्यादा न रगड़ें: मैग्नेटिक स्ट्रिप को साफ़ करने के लिए पेंसिल की रबर का हलके हाथ से इस्तेमाल करें - इससे मैग्नेटिक स्ट्रिप को क्षति नहीं पहुंचेगी।

**फ़ोन पेमेंट्स:**




अगर आप ऑनलाइन पेमेंट्स के लिए मोबाइल फ़ोन का इस्तेमाल करते हैं तो इस्तेमाल के बाद फ़ोन को हैंड सैनिटाइज़र या 70% आइसोप्रोपिल अल्कोहल से साफ़ करें।

**इस जानकारी कि वैज्ञानिक सटीकता का पूरा प्रयास किया गया है; यदि आप किसी त्रुटि से अवगत हों तो कृपया हमें indscicov@gmail.com पर सूचित करें।**